क्षेत्रीय कार्यालय, डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स,

विकास विहार, मोहनपुरी, मेरठ।

Regd

आदेश

केन्द्रीय विहार-2 अपार्टमेन्ट ओनर्स एसोसिएशन, कम्यूनिटी सैन्टर, केन्द्रीय विहार, अपार्टमेन्ट, प्लाट नं0-53, सैक्टर-82, नोएडा जिला- गौतमबुद्धनगर का पंजीकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत किया गया था। समिति में प्रबन्धकीय विवाद परिलक्षित होने के कारण प्रकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 25 (2) के अन्तर्गत विहित प्राधिकारी को सन्दर्भित किया गया था। उप जिलाधिकारी, दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर के आदेश दिनांक 06.4.2011 के द्वारा संस्था के निर्वाचन को निरस्त करते हुए निर्वाचन कराये जाने के आदेश जारी किये गये है। आदेश के क्रम में सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 25 (2) के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर को कार्यालय आदेश संख्या 899 दिनांक 26.5.2011 के द्वारा निर्वाचन अधिकारी एवं समिति के दैनिक कार्यो का प्रबन्धन एवं संचालन करने हेतु नियुक्त किया गया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर का स्थानान्तरण हो जाने के कारण आदेश को परिवर्तित करते हुए श्री नवनीत सोनी, कमिश्नर, इन्कम टैक्स, रेजीडेन्ट ऑफ सी-1-30/pkt-4 केन्द्रीय विहार सैक्टर 82 को समिति के व्यक्तियों के अनुरोध पर निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाता है। श्री सोनी समिति के निर्वाचन यथाशीघ्र सम्पन्न कराकर निर्वाचन परिणाम से इस कार्यालय को अवगत करायेगें। समिति के दैनिक कार्यो का प्रबन्धन एवं संचालन अपने स्तर से करें जिससे वहां के निवासियों को असुविधा न हों।

(आनन्द प्रताप सिंह)
डिप्टी रजिस्ट्रार।

पत्रांक 4145 ??? 46816(m) /मेरठ/दिनांक 04-11 2011

प्रतिलिपि :-

1. जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला गौतमबुद्धनगर को सूचनार्थ प्रेषित।
4. श्री नवनीत सोनी, कमिश्नर, इन्कम टैक्स, रेजीडेन्स ऑफ सी-1-30/.-4 केन्द्रीय विहार सैक्टर 82 जिला-गौतमबुद्धनगर को उपरोक्त के क्रम में इस आशय के साथ सूचनार्थ प्रेषित कि समिति के निर्वाचन कराना सुनिश्चित करें।
5. श्री काशीनाथ राम, सी-41, पाकेट-6, केन्द्रीय विहार-2, सैक्टर-82, नोएडा जिला- गौतमबुद्धनगर।
6. श्री रमाशंकर मिश्रा, बी-16/1, पाकेट-6, केन्द्रीय विहार-2, सैक्टर-82, नोएडा जिला- गौतमबुद्धनगर।

डिप्टी रजिस्ट्रार।